

# वृक्षारोपण के साथ विद्यार्थियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

## वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 9 सितम्बर, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार तिवारी के निर्देशन में माय भारत क्विज प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा राष्ट्र सेवा की भावना को विकसित करना रहा. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक माय भारत क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया तथा परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड क्रॉस कार्यक्रम अधिकारी निशा सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं उनके सामाजिक दायित्वों से अवगत कराया. साथ ही विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण पदों का प्रभार भी सौंपा गया. महाविद्यालय में विकर्ष उपाध्याय को मीडिया प्रभारी सानिया बेगम को सांस्कृतिक प्रभारी, जितेंद्र प्रजापति को पर्यावरण प्रभारी, श्रद्धा विश्वकर्मा को रेड रिबन प्रभारी, आदित्य मिश्रा को स्वच्छता कार्यक्रम प्रभारी तथा प्रीति पटेल को बाल संरक्षण प्रभारी नियुक्त किया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमती रेखा मिश्रा, डॉ. व्यास नारायण मिश्रा सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की. कार्यक्रम में अंजू, सुशीला, सीता, विनीत खरे, यश, अंजलि, सोनम सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं.

कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं समाज सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया. महाविद्यालय परिवार ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक चेतना के लिए महत्वपूर्ण बताया.

# आठ करोड़ की लागत से नवनिर्मित तहसील भवन का लोकार्पण

## नवीन भवन से विकास की नई यात्रा प्रारंभ होगी : जनार्दन, विकास के साथ जन सुविधाओं का विस्तार प्रमुख प्राथमिकता :प्रदीप

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 9 सितम्बर, हनुमना तहसील में प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 8 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित संयुक्त कार्यालय भवन का लोकार्पण किया गया.**



लोकार्पण समारोह में सांसद जनार्दन मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने की. मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि आठ करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह भवन क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है. उन्होंने कहा कि मऊगंज में लगभग पचास करोड़ रुपए की लागत से कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण हो रहा है. इसके साथ ही विभिन्न विभागों के भवनों का निर्माण भी प्रगति पर है. उन्होंने कहा कि ये निर्माण कार्य मऊगंज के जिला बनने के बाद विकास की नई यात्रा की शुरुआत का प्रतीक हैं. सांसद ने कहा कि मऊगंज जिले की मांग लंबे समय से चली आ रही थी और जिले के गठन के बाद अब इसे व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और आमजन के सहयोग की आवश्यकता है. उन्होंने बताया कि रीवा से मिर्जापुर रेलवे लाइन के लिए सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है. मऊगंज क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए लगभग पांच हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है और कार्य प्रारंभ हो चुका है. जहां बाणसागर का पानी नहीं पहुंच पाया है, वहां माइक्रो इरिगेशन के माध्यम से गांव-गांव तक सिंचाई का पानी पहुंचाने का लक्ष्य है. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने कहा कि निर्मित इस संयुक्त कार्यालय भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है. इससे आमजन को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए अलग-अलग स्थानों पर भटकना नहीं पड़ेगा और प्रशासनिक कार्यों में भी सुविधा होगी. उन्होंने कहा कि मऊगंज जिले में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि मऊगंज जिले के सामग्र विकास के लिए सभी को समन्वित होकर अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करना आवश्यक है. इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, नगर परिषद अध्यक्ष हनुमना आशुतोष गुप्ता, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन आदि मौजूद रहे.

# जनसुनवाई में 69 आवेदनों पर हुई सुनवाई

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 9 सितम्बर, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं.**

जनसुनवाई में कुल 69 आवेदन प्राप्त हुए. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि आवेदनों पर की गई कार्रवाई से आवेदकों को भी अवगत कराया जाए, ताकि उन्हें अपनी समस्या के निराकरण की स्थिति की जानकारी मिल सके. जनसुनवाई में फागुनी पटेल निवासी ग्राम ढावा गौतमान ने अपने पति की मृत्यु के बाद आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आवेदन प्रस्तुत किया.

# आराधना सिंह निरीक्षक पद पर पदोन्नत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 सितम्बर, पीटीएस पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार वैश्य के द्वारा पीटीएस रीवा में पदस्थ 2015 बैच की उप निरीक्षक, आराधना सिंह का उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नति के अवसर पर पाइपिंग सेरेमनी की गई.**



पुलिस अधीक्षक के द्वारा उनके कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने की शुभकामनाएं दी गई. साथ ही उन्हें नवीन जिम्मेदारियां को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाने हेतु समझाइए भी दी गई. इस अवसर पर पीटीएस के स्टाफ के द्वारा भी उन्हें शुभकामनाएं दी गई. गौरतलब है की 7 सितंबर 2026 को पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा 223 कार्यवाहक निरीक्षक/उप निरीक्षक के निरीक्षक पद पर पदोन्नति का आदेश जारी किया गया है.

# विधायक की बहू आज भाजपा में होंगी शामिल

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 9 सितम्बर, गुढ़ क्षेत्र के वरिष्ठ विधायक नागेन्द्र सिंह की बड़ी बहू रश्मि राजा सिंह आज गुरुवार 10 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगी.**

सदस्यता ग्रहण समारोह भाजपा कार्यालय अटल कुंज, देकहा रीवा में आयोजित किया जाएगा. समारोह में रीवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद जनार्दन मिश्रा, गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह तथा भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता की उपस्थिति रहेगी.

रश्मि राजा सिंह के भाजपा में शामिल होने को गुढ़ क्षेत्र में पार्टी के संगठनात्मक विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. सदस्यता ग्रहण समारोह में गुढ़ क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के साथ जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच सहित क्षेत्र के कार्यकर्ता शामिल होंगे.

# कलेक्टर ने तीन आदतन अपराधियों के विरुद्ध की जिला बदर की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 9 सितम्बर, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन द्वारा जिले के तीन आदतन अपराधी के विरुद्ध जिला बदर की कारवाही की गई है.**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी योगेन्द्र प्रसाद मिश्रा पिता रामलाल मिश्रा उम्र 32 वर्ष निवासी पहाड़ी थाना शाहपुर के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे आगामी एक वर्ष की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश पारित किया है.

इसी प्रकार जितेन्द्र सिंह उर्फ लहरउ पिता हीरालाल सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम गनिगवा थाना शाहपुर के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आगामी एक वर्ष एवं राजेश वर्मा उर्फ शशिकान्त वर्मा पिता अयोध्या प्रसाद वर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम शाहपुर थाना नईगढ़ी को एक वर्ष की अवधि के लिए मऊगंज जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश पारित किया है.

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई है. आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने एवं क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यकवस्थाी पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट र एवं जिला दण्डाषधिकारी ने आदतन अपराधियों को 48 घंटे के भीतर मऊगंज जिले की राजस्वह सीमाओं तथा समीपवर्ती जिले रीवा एवं सीधी की राजस्वन सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित करने का आदेश पारित किया है.



रीवा-सीधी मार्ग में मरे पड़े गौवंश

# डबल्स वेटरन में मेजबान रीवा विजयी रहा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 सितम्बर, म.प्र. राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती सभी 6 कंपनियों के संयुक्त तत्वाधान में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स रीवा में 06 सितंबर से आयोजित 48वी अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन हुआ.**




कार्यक्रम के समापन समारोह की मुख्य अतिथि रीवा क्षेत्र की मुख्य अभियंता श्रीमती प्रमा पाण्डेय रही तो कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षण अभियंता रीवा बी के शुक्ला ने की. विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यपालन अभियंता अभिषेक शुक्ला, सुशील यादव, भूपेश विक्रम सिंह एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी विकाश भारती एवं उप महाप्रबंधक मनीष कुमार उपस्थित रहे.

समापन समारोह के कार्यक्रम का आरम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया साथ ही केंद्रीय पर्यवेक्षक व मंचासीन अतिथियों का स्वागत सचिव आयोजन समिति मनीष कुमार द्वारा किया गया. 03 दिन तक चली बैडमिटन प्रतियोगिता का विवरण एवं स्टेट टीम के चयन की घोषणा केंद्रीय पर्यवेक्षक सुमंत मिश्रा ने की. स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के अंतरराष्ट्रीय बैडमिटन कोर्ट पर आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता के टीम इवेंट में जबलपुर सेंट्रल आफिस टीम के विजयी रही तो सिंगाजी खंडवा दूसरे स्थान पर रही. ओपन डबल्स में जबलपुर सेंट्रल आफिस के प्रदीप कनकने व राहुल और ओपन सिंगल में भी प्रदीप कनकने विजयी रहे वही इंदौर टीम के लोकेश व प्रेम दूसरे स्थान पर रहे. ओपन सिंगल में में मेजबान रीवा के मनोज कोगे दूसरे स्थान में रहे. इसी प्रकार वेटरन डबल्स में मेजबान रीवा के वी सी पाठक एवं अनिल गुप्ता विजयी रहे तो दूसरे स्थान पर बिरसिंहपुर टीम के डी एस चौहान व वी रत्नम रहे. सिंगल वेटरन में सिंगाजी खंडवा के नरेंद्र मालगए विजयी रहे तो दूसरे स्थान पर बिरसिंहपुर के वी रत्नम रहे. इस तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के सफल आयोजन मे रेफरी की भूमिका का निरवहन डॉ उपेंद्र पाण्डेय खेल अधिकारी शासकीय विधि कॉलेज एवं बीनू माधव पाण्डेय खेल अधिकारी शासकीय गोलवलकर साइंस कॉलेज रीवा तो रेफरी के सहयोगी राधाकांत चतुर्वेदी सहित नवल, अशजद, ऋषभ, रोहित, अनुपम व अर्णव रहे. प्रतियोगिता के सफल आयोजन मे आयोजन समिति के सदस्यों अनिल मिश्रा अभिषेक गौरव सोनी, श्यामनंदन मिश्र, आर एस द्विवेदी, जे पी मिश्र, पुष्पेंद्र शुक्ला, रवि द्विवेदी, अनिल गुप्ता ने प्रतियोगिता के आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया तथा उद्घाटन एवं समापन समारोह का सुचारु संचालन व संयोजन मुनेन्द्र प्रसाद पाण्डेय द्वारा किया गया.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से गौवंशों की हुई मौत, गुढ़ थाना की घटना

## भीषण दुर्घटना में अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने सड़क पर बैठे 11 बेजुबान मवेशियों को रौंद

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 9 सितम्बर, रीवा सीधी मुख्य मार्ग पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है. गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कसई स्टैंड के समीप बीती रात्रि एक भीषण दुर्घटना में अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने सड़क पर बैठे 11 बेजुबान मवेशियों को रौंद दिया.**

टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी मवेशियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया. सुबह जब स्थानीय लोगों ने सड़क पर मृत मवेशियों को देखा तो इलाके में हड़कंप मच गया और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया. इस मार्ग पर आवारा मवेशियों की मौजूदगी और उनकी सुरक्षा को लेकर मीडिया व स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जाता रहा है. इसके बावजूद जिम्मेदार महकमे द्वारा मवेशियों के संरक्षण और सड़क सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए.

आए दिन बेजुबान मवेशी सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं, जिससे न केवल पशुधन की क्षति हो रही है बल्कि राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भी हर समय गंभीर दुर्घटना का खतरा बना रहता है. बार-बार चेतावनी और जन-प्रतिनिधियों व मीडिया की आवाज़ के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई विशेष पहल न किया जाना गंभीर चिंता का विषय है.

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित स्थानों व गौशालाओं में पहुँचाने की तत्काल व्यवस्था की जाए तथा बीती रात बेजुबानों को रौंदने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए. ताकि गौवंशों की इस तरह से मौत न हो.

# लोक अदालत में मिलेगी छूट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 सितम्बर, नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर 2026 दिन शनिवार को किया जा रहा है, जिसमें वर्ष 2025-26 तक के संपत्तिकर और जलकर बकाया भुगतान के अधिभार में 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक विशेष छूट दी जाएगी.**

लोक अदालत का आयोजन नगर निगम कार्यालय के साथ साथ चारो जोन कार्यालयों में भी सुबह 10 बजे से 6 बजे तक किया जावेगा. सम्पत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों को नोटिस देकर राशि जमा करने की सूचना दी गई है जो बकायादार लोक अदालत के माध्यम से सम्पत्तिकर व अन्य करों का भुगतान नही करेंगे उनके विरूद्ध नगर निगम द्वारा तालाबंदी एवं कुर्की की कार्यवाही प्रारंभ की जा सकती है. साथ ही वर्तमान में स्वयं के निवास का संपत्तिकर जमा करने पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है, जिसे लोक अदालत के माध्यम से आमजनता नगर निगम के बकाया करों का भुगतान सरलता से कर सकती है. निगम आयुक्त अक्षत जैन ने लाभ लेने की अपील की है.

# भाजपा मंडल गुढ़ की बैठक में सेवा संकल्प की रूपरेखा तय

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 9 सितम्बर, भाजपा मंडल गुढ़ की बैठक बुधवार 9 सितंबर को दोपहर 3 बजे श्री भागवत पैलेस गुढ़ में आयोजित की गई. बैठक की शुरुआत भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुई.**

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे. अध्यक्षता भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मनीष मिश्रा शामिल हुए. अतिथि स्वागत एवं विषय प्रवेश मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता ने कराया.

बैठक के दौरान भाजपा मंडल गुढ़ के किसान मोर्चा की नवगठित कमेटी का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया. साथ ही 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे माह चलने वाले सेवा संकल्प कार्यक्रम की कार्यरेखा उपस्थित पदाधिकारियों के साथ तय की गई. मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को किसान मोर्चा की जिम्मेदारियों और संगठनात्मक भूमिका से अवगत कराया. कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता बीके पाण्डेय ने किया.

आभार प्रदर्शन किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामायण प्रसाद अग्निहोत्री ने किया. अंत में राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ बैठक का समापन हुआ. बैठक में भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, अवध सिंह बघेल, पवन मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, रावेंद्र मिश्रा, कपिल पयासी मौजूद रहे.

# देवतालाब कालेज के पुरा छात्र संघ के आत्मीय मिलन में फिर कालेज की जुड़ीं पुरानी यादें हुई ताजा

नवभारत न्यूज

**देवतालाब, 9 सितम्बर, सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय, देवतालाब में बुधवार को पुरा छात्र संघ के नए एवं पुराने छात्रों का आत्मीय मिलन एवं परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने महाविद्यालय से जुड़ी अपनी पुरानी स्मृतियां साझा करते हुए वर्तमान विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य और महाविद्यालय के विकास में निरंतर सहयोग का संकल्प व्यक्त किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामनिवास पटेल ने पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व विद्यार्थी महाविद्यालय परिवार की रीढ़ हैं. उन्होंने कहा कि शिक्षा पूरी करने के बाद भी विद्यार्थियों का अपने संस्थान से जुड़ाव बना रहना बेहद महत्वपूर्ण है.

पूर्व छात्रों के अनुभव और मार्गदर्शन से वर्तमान विद्यार्थियों को नई दिशा मिल सकती है. उन्होंने पुरा छात्र संघ द्वारा विद्यार्थियों के हित में लगातार किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए विशेष रूप से संबल एवं मेधावी योजना से जुड़े विषय को महाविद्यालय के संज्ञान में लाने और उसके लिए लगातार आवाज उठाने की पहल को महत्वपूर्ण बताया. उन्होंने कहा कि




महाविद्यालय परिवार पूर्व छात्रों के निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन के लिए सदैव तैयार है.

प्राचार्य ने अपने पूर्व संस्थान गर्ल्स कॉलेज रीवा की एक स्मृति साझा करते हुए बताया कि एक एलुमिनाई कार्यक्रम में तत्कालीन सीधी सांसद रीति पाठक और एसडीओपी मनीषा पाठक ने स्वयं को उसी महाविद्यालय की पूर्व छात्रा के रूप में परिचित कराया था. उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मेलन इसलिए भी जरूरी हैं, ताकि वर्तमान विद्यार्थी अपने वरिष्ठ पूर्व छात्रों की उपलब्धियों और अनुभवों से प्रेरणा ले सकें. वहीं डॉ. नवीन शर्मा, जो वर्ष 2015 से महाविद्यालय से जुड़े, ने महाविद्यालय के बदलते स्वरूप और विकास यात्रा के अपने अनुभव साझा किए. उन्होंने बताया कि समय के साथ महाविद्यालय ने काफी विस्तार किया है. वक्ताओं ने कहा कि महाविद्यालय की पहचान केवल भवन और सुविधाओं से नहीं, बल्कि यहां से शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होती है. पूर्व छात्रों को अपने संस्थान से जुड़े रहकर वर्तमान विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आगे आना चाहिए. कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विजय मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए पुरा छात्र संघ की भूमिका और भविष्य की गतिविधियों पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर डॉ. नवीन शर्मा, के.पी. मिश्रा, ज्ञानेन्द्र सिंह कर्चुली और अतुल द्विवेदी ने भी अपने विचार रखे. कार्यक्रम में पुरा छात्र संघ के उपाध्यक्ष उदय गुप्ता, सह-सचिव अनुज प्रताप सिंह और ब्यंकटेश कुमार तिवारी सहित पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए. इस दौरान नीलेश सेन, शुभम गुप्ता, सौरव शुक्ला मौजूद रहे.